बरेली, रविवार
9 फरवरी 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO. 05, MIDDLE

युवाओं के चेहरे पर खिली मेधा की चमक

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का 19वां दीक्षा समारोह, कॉरपोरेट जगत में तरक्की के बताए रास्ते

जागरण संवाददाता, बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को स्व. राममूर्ति के 110वें जन्मदिवस पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों का 19वां दीक्षा समारोह हुआ। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक व एम फार्मा के सत्र 2018-19 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक वितरित किए गए। शीर्ष कंपनियों से आए विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को कॉरपोरेट जगत में तरक्की पाने के टिप्स दिए।

समारोह की अध्यक्षता डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने की। मुख्य अतिथि याप्प ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया के कार्यकारी निदेशक कमल सिंह, विशिष्ट अतिथि सीनियर वाइस प्रेसीडेंट कॉरपोरेट (एचआर) एवं सदस्य कार्यकारी समिति एलएंडटी के योगी श्रीराम, सैमसंग इंडिया के संदीप त्यागी एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति ने उन्होंने 2015 बैच के सभी छात्र-छात्राओं को उपाधि, प्रशस्ति पत्र और पदक देकर सम्मानित किया। एकेटीयू के कुलपति प्रो. पाठक ने कहा कि एकेटीयू से संबद्ध 665 महाविद्यालयों में एसआरएमएस शिक्षा अनुशासन व संस्कारों में पहले स्थान पर है। प्रबंध न्यासी देवमूर्ति ने बताया कि एसआरएमए इंस्टीट्यूशन को यूपी कैबीने ने यूनिवर्सिटी बनाने का प्रस्ता स्वीकृत किया है। अगले सत्र : विश्वविद्यालय में प्रवेश होंगे।

एसआरएमएस में दीक्षांत समारोह में संबोधित करते मुख्य अतिथि विनय पाठक बीच में माइक पकड़े हुए मंच पर (बांए) से संदीप त्यागी, कमल सिंह (दाएं) चेयरमैन देवमूर्ति व योगी श्रीराम ● जागरण

इन्हें मिले स्वर्ण पदक गौरी अग्रवाल, सृष्टि उपाध्याय रिमझिम गुप्ता, निम्रा द्विवेदी, चांद खान, नमन उपाध्याय, चेष्टा कपू आकांक्षा गुप्ता, मुस्कान कैस अंचिता अग्रवाल, शिवी अग्रवाल प्राची सिंह, मनीषा पांडेय, कौश अग्रवाल, सुनेत्रा पाठक, हिमां सिंह।